कानि0भर्ती/अति–आवश्यक/जरिये ई–मेल

।। कार्यालय महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर ।।

क्रमांक :– न.5(28) पु.फो/कानि.भर्ती/2017/ 684 दिनांक :– 27 जनवरी, 2018

कानि0 भर्ती वर्ष–2017 की संशोधित विज्ञप्ति

इस कार्यालय की कानि0 भर्ती–2017 की विज्ञप्ति क्रमांक–3922 दिनांक 18–10–2017, संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक–5557 दिनांक 23–12–2017, क्रमांक–5680 दिनांक 28–12–2017, क्रमांक 305 दिनांक 12–01–2018, क्रमांक 468 दिनांक 19–01–2018 एवं क्रमांक 510 दिनांक 22–01–2018 के सम्बन्ध में पुनः स्थिति स्पष्ट की जाती है:–

इन्टेलीजेंस राजस्थान जयपुर के लिए विज्ञापित कॉन्स्टेबल सामान्य के 73 एवं कांस्टेबल चालक के 03 पदों को समाप्त कर जिला नागौर को आवंटित किया गया हैं। इन्टेलीजेंस राजस्थान जयपुर में कॉन्स्टेबल सामान्य पद के आवेदक जिला नागौर अथवा अन्य किसी जिला/बटालियन के लिए किन्ही कारणों से ऑनलाईन/ऑफलाईन आवेदन पत्र में दिनांक 27–01–2018 तक संशोधन नही करा पाये, **वो अब ऑनलाईन आवेदक दिनांक 07–02–2018 को रात्रि 12 बजे तक एवं ऑफलाईन आवेदक दिनांक 07–02–2018 को सांय 6 बजे तक संशोधन करा सकते है।**

अभ्यार्थी जिन्होंने इन्टेलिजेन्स राजस्थान जयपुर के लिए ऑनलाईन/ऑफलाईन आवेदन किया है, वो अपना संशोधन नहीं करवा पा रहे है। उन्हें अन्तिम अवसर दिया जाता है कि उपरोक्तानुसार संशोधन कराये जाने हेतु दी गई तिथी तक आवश्यक रूप से संशोधन कराले। उक्त निर्धारित तिथि के बाद किसी भी तरह का संशोधन स्वीकार नही होगा। निर्धारित तिथि तक संशोधन नहीं कराने की स्थिति में ऑनलाईन/ ऑफलाईन आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेगे जिसके लिये अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा एवं उसका किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार योग्य नहीं होगा। शेष दिशा निर्देश पूर्व में जारी विज्ञप्तियों के अनुसार रहेगी ।

(संजीब कुमार नार्जारी)
महानिरीक्षक पुलिस (मुख्यालय)
राजस्थान, जयपुर।

0141-2740997 ☏, 0141-2740953 🖷, ighqraj@gmail.com ✉,
लाल कोठी, सब्जी मण्डी के पास, जयपुर – 302015